## एक नजर में

### एमवाय अस्पताल में नि :शुल्क दवा वितरण




इंदौर. एबी माहेश्वरी एजुकेशनल सीताराम जय नारायण जाजू ट्रस्ट द्वारा एमवाय अस्पताल में सैकड़ों ज़रूरतमंद मरीजों को नि :शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया. इस सेवा कार्य के साथ ही ट्रस्ट के चेयरमैन रामअवतार जाजू ने पर पीड़ा हर वेलफेयर सोसाइटी समिति की सेवामूलक गतिविधियों के लिए 51 हजार रुपये का विशेष आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया. कार्यक्रम में ट्रस्ट के सचिव भरत शाराड़ा, कोषाध्यक्ष मुकेश कचोलिया, पुष्पा जाजू माहेश्वरी समाज जिला उपाध्यक्ष सत्यनारायण मंत्री, गोपाल न्याती, गौरीशंकर लखोटिया और राधेश्याम साबू सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन व पदाधिकारी उपस्थित रहे. ट्रस्ट पदाधिकारियों ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा मेधावी छात्रों को स्कॉलरशिप, नि :शुल्क खून की जाँच, ब्लड डोनेशन जैसे समाज हित के कार्य समय समय पर आगे भी निरंतर रूप से जारी रहेंगे, जिससे अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक मदद पहुँचे.

### एनएसई की गवर्निंग बोर्ड पर अध्यक्ष की नियुक्ति

इंदौर. पब्लिक इंटरेस्ट डायरेक्टर श्रीनिवास इंजेटी को आज से नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ़ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के गवर्निंग बोर्ड का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है. यह नियुक्ति सेबी (एसईबीआई) की मंजूरी से की गई है. एनएसई का बोर्ड और प्रबंधन, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी श्रीनिवास इंजेटी का स्वागत करता है, जो एनएसई के गवर्निंग बोर्ड के अध्यक्ष हैं. श्री श्रीनिवास इंजेटी, सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी (1983 बैच), कॉरपोरेट रेग्युलेशन, वित्तीय सेवाओं, सुशासन और सार्वजनिक नीति में चार दशकों से अधिक का नेतृत्व अनुभव साथ लाते हैं. उन्होंने 2017 से 2020 तक कॉरपोरेट कार्य मंत्रालय में केंद्र सरकार के सचिव के रूप में कार्य किया. इस दौरान उन्होंने इन्सॉल्वेंसी लॉ, कम्पटीशन लॉ और कंपनी लॉ में सुधार किए. उनके नेतृत्व में एनएफआरए की स्थापना, स्वतंत्र निदेशकों का डेटाबैंक, कॉरपोरेट गवर्नेंस को मजबूत करने और सीएसआर रेगुलेटरी फ्रेमवर्क को बेहतर बनाने जैसे महत्वपूर्ण कदम उठाए गए.

### एक लाख करोड़ ग्रॉस लोन बुक का रोडमैप किया तैयार

इंदौर. उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक ने वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़ रूपएकी ग्रॉस लोन बुक हासिल करने के लिए अपनी रणनीतिक योजना तैयार की है. बैंक की यह योजना 2017 में स्मॉल फाइनेंस बैंक के रूप में परिचालन शुरू करने के बाद से हुई प्रगति पर आधारित है. बैंक का यह विकास लायबिलिटी फ्रेंचाइजी के निरंतर विस्तार, एसेट प्रोडक्ट सूट की पहुँच को गहरा करने और लागत-अनुकूल परिचालन के निर्माण पर केंद्रित है, जिससे उच्च और स्थायी लाभप्रदता मिल सके. बैंक की यात्रा पर टिप्पणी करते हुए, उज्जीवन स्मॉल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ संजीव नौटियाल ने कहा, वित्त वर्ष 2030 तक 1 लाख करोड़रुपए कीग्रॉस लोन बुक का हमारा रोडमैप स्मॉल फाइनेंस बैंक बनने के बाद से स्थापित नींव पर आधारित है. इस अवधि में, हमने वित्त वर्ष 2017 में अपने ग्रॉस लोन बुक को 7,560 करोड़ रुपए से बढ़ाकर वित्त वर्ष 26 की पहली तिमाहीमें 33,287 करोड़रुपए कर दिया है.

### बंधन लाइफ ने लॉन्च किया आई-रिटायर

इंदौर. बंधन ग्रुप की जीवन बीमा कंपनी, बंधन लाइफ इंश्योरेंस ने आज बंधन लाइफ आई-रिटायर के लॉन्च की घोषणा की. यह एक रिटायरमेंट प्लान है. आई-रिटायर के साथ, बंधन लाइफ जीवन भर के लिए गारंटीड आय का वादा लेकर आया है और यह सुनिश्चित करता है कि रिटायरमेंट का मतलब समझौता करना नहीं, बल्कि वर्षों की कड़ी मेहनत से बनाए गए जीवन का आनंद लेना है. यह प्लान स्थिर आय की सुविधा प्रदान करता है जिसका लाभ एन्युटीधारक को जीवन भर मिलता रहता है. आई-रिटायर के लॉन्च के अवसर पर बंधन लाइफ के एमडी और सीईओ सतीश्वर बी. ने कहा बंधन लाइफ में, हम मानते हैं कि रिटायरमेंट नई संभावनाओं का समय होता है, न कि आर्थिक चिंताओं का. आई-रिटायर के साथ, हम अपने ग्राहकों को स्थिर आय की सुविधा और अपनी इच्छानुसार जीवन जीने का आत्मविश्वास प्रदान कर रहे हैं. इसका उद्देश्य आज का जश्न मनाते हुए अपने लिए और अपने प्रियजनों के लिए भविष्य को सुरक्षित करना है.

### शासकीय स्कूल के प्रतिभावान बच्चों व शिक्षकों का सम्मान



इन्दौर. श्रीगीता रामेश्वरम ट्रस्ट द्वारा आज बिचौली मर्दाना स्थित धर्मशाला में म.प्र. शासन के पूर्व मंत्री एवं सहकारिता नेता ब्रम्हलीन रामेश्वर पटेलजी के 82वें जन्मदिवस प्रसंग पर एक समारोह आयोजित किया गया. इसमें शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं शिक्षा को बढ़ावा देने वाले शिक्षकों का सम्मानित किया गया जिसमें प्राचार्य कल्पना गांधी, शिक्षिका सुधा जोशी, सहा. शिक्षक कैलाश व्यास, प्राथमिक शिक्षिका संतोष प्रताप एवं सहायक अंजुरानी निगम को विशेष रूप से सम्मानित किया. साथ ही 10वीं कक्षा एवं 12वीं कक्षा में अच्छे नम्बर आने वाले बालक-बालिकाओं को सम्मानित किया एवं 1400 बालक-बालिकाओं का कॉपियों का वितरण किया गया. मुख्य अतिथि के रूप में अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल थे. श्री पटेल ने कहा कि हम प्रतिवर्ष 51 शासकीय स्कूलों में कॉपियों का वितरण करते थे लेकिन इस वर्ष 101 शासकीय विद्यालयों में एवं ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय विद्यालयों में कॉपियों का वितरण कराया जा रहा है. इस अवसर पर राधेश्याम पटेल, विनोद पटेल, चेतनसिंह चौधरी, पार्षद सीमा सोलंकी, जगदीश शर्मा, बंटी राठौर, शक्तिसिंह गोयल, मनीष पटेल, शंकर वर्मा, मांगीलाल गुरू, सेठीजी पिवड़ाय, अम्बाराम सरपंच, हंसराज मण्डलोई, जगदीश पटेल, कैलाश चौहान, लक्ष्मीनारायण जोशी, रामेश्वर कुशवाह आदि थे. संचालन मदन परमालिया ने किया. आभार अंतर मकवाना ने माना.

### डिश टीवी ने लॉन्च की वीज़ेडवाई स्मार्ट टीवी रेंज

इंदौर. डिश टीवी इंडिया लिमिटेड ने आज अपने रणनीतिक कदम के तहत एकीकृत स्मार्ट टीवी सेगमेंट में प्रवेश की घोषणा की. वीज़ेडवाई स्मार्ट टीवी के लॉन्च के साथ, डिश टीवी ने प्रसारण से आगे बढ़ते हुए घरेलू मनोरंजन उपकरण बाज़ार में ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है. लॉन्च पर डिश टीवी इंडिया के सीईओ और कार्यकारी निदेशक मनोज दोभाल ने कहा एकीकृत स्मार्ट टीवी सेगमेंट में प्रवेश करना एक साहसिक कदम है एक ऐसे भविष्य की ओर, जहाँ कॉन्टेंट, तकनीक और सुविधा का संगम हो. वी.ज़ेड.वाई. के साथ हम सिर्फ एक टेलीविज़न नहीं बना रहे, बल्कि एक ऐसे मनोरंजन संसार का सृजन कर रहे हैं, जहाँ लाइव टीवी, ओटीटी स्ट्रीमिंग, स्मार्ट फीचर्स और आकर्षक डिज़ाइन मिलकर भारत के मनोरंजन अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेंगे. मुख्य राजस्व अधिकारी सुखप्रीत सिंह ने कहा आधुनिक भारतीय परिवार डिजिटल-प्रथम और अनुभव-प्रेरित है और वह ऐसी स्क्रीन चाहता है, जो साधारण देखने के अनुभव को एक विशेष, गहन और व्यवस्थित अनुभव में बदल दे, जो केवल टेलीविज़न न हो. वीज़ेडवाई वही प्रदान करता है.

### जॉन्टी रोड्स सुपर.मनी के साथ कैच करते दिखेंगे कैशबैक

इंदौर. फ्लिपकार्ट द्वारा संचालित अग्रणी यूपीआई प्लेटफॉर्म सुपर.मनी ने लीजेंडरी क्रिकेटर जॉन्टी रोड्स के साथ नई डिजिटल विज्ञापन फ़िल्म लॉन्च की है. कंपनी ने जॉन्टी रोड्स को अपना 'कैशबैक कैचर' बनाया है. अपने तेज रिफ्लेक्स, फुर्ती और मैदान पर शानदार प्रदर्शन के लिए मशहूर जॉन्टी रोड्स को एक ऐसे चतुर खरीदार व्यक्ति के रूप में दिखाया गया है, जो फुर्तीला, सतर्क और दिखावे से दूर है. सुपर.मनी के सह-संस्थापक प्रेमांशु सिंह ने कहा सुपर.मनी में हमारा मानना है कि रिवार्ड्स को शर्तों के साथ व जटिल नहीं बल्कि साधारण, नियमित और सच्चे अर्थों में मूल्यवान होना चाहिए. हमारा मिशन रहा है कि हर बार कुछ खर्च करते हुए यूजर्स को सीधे एवं भरोसेमंद कैशबैक के साथ कुछ पाने की खुशी हो. जॉन्टी रोड्स ने इस विज्ञापन फ़िल्म में इसी भावना को जीवंत किया है, जो हमेशा सक्रिय और सतर्क रहते हैं, तथा उस चीज के लिए डाइव लगाते हैं, जो सच में रिवार्डिंग है. असल में देखा जाए तो इसमें जॉन्टी रोड्स सिर्फअपनी भूमिका नहीं निभा रहे हैं, बल्कि हर भारतीय उपभोक्ता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, जो कई एप्स से होते हुए अंततरू उस एप तक पहुंचता है, जहां सच में कैशबैक मिलता है.

# इंदौर को हर क्षेत्र में अव्वल बनाने का रहेगा प्रयास

- शिवम वर्मा ने इंदौर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया



**इंदौर. भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 2013 बैच के अधिकारी शिवम वर्मा ने इंदौर कलेक्टर का पदभार ग्रहण किया. उन्हें यह पदभार कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने सौंपा. आशीष सिंह ने शिवम वर्मा को पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया और शुभकामनाएं दी. नवागत कलेक्टर शिवम वर्मा इसके पूर्व इंदौर नगर निगम में आयुक्त के रूप में पदस्थ थे. श्री वर्मा श्योपुर कलेक्टर सहित प्रदेश के अनेक जिलों में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर रहे हैं.**

पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्री शिवम वर्मा ने कहा कि राज्य शासन और मुख्यमंत्री की प्राथमिकताएं मेरी प्राथमिकताएं रहेगी. प्राथमिकता वाली योजनाओं, कार्यक्रमों का समय सीमा में लक्ष्य पूर्ण किया जाएगा. सभी विकास कार्य समय सीमा में पूर्ण कराएं जाएंगे. जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और जन समस्याओं के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा. उन्होंने कहा कि मेरा प्रयास रहेगा कि इंदौर जिला हर क्षेत्र में अव्वल रहे. उन्होंने कहा कि इंदौर के यातायात सुधार पर भी लगातार विशेष ध्यान दिया जाएगा. मेट्रो, पूर्व और पश्चिम बायपास का निर्माण भी समय सीमा में किया जाएगा. उल्लेखनीय है कि इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह का उज्जैन संभागायुक्त तथा मेला अधिकारी, सिंहस्थ मेला उज्जैन के रूप में स्थानान्तरण हुआ है.

# कलेक्टर ने पदभार ग्रहण करने के पहले बुजुर्ग महिला की सुनी समस्या

- सहारा देकर ले गए जनसुनवाई कक्ष तक
- मानवीय संवेदना की प्रस्तुत की अनूठी मिसाल
- कलेक्टरी का पहला दिन जन समस्याओं के निराकरण को समर्पित



इंदौर. नवागत कलेक्टर शिवम वर्मा ने पदभार ग्रहण करने के पहले ही दिन मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए एक अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया. उन्होंने कार्यालय पहुँचते ही सीढ़ियों पर बैठी एक बुजुर्ग महिला को देखा और तुरंत उसके पास जाकर हालचाल पूछा. उन्होंने महिला का हाथ थामा, सहारा दिया और जनसुनवाई कक्ष तक लेकर गए. वहां उन्हें पानी पिलाया और इत्मिनान से उसकी समस्या सुनी. उक्त वृद्ध महिला तुलसी देवी नारी निकेतन में रह रही हैं और उनकी पुत्री पिंकी पेट की गंभीर बीमारी से जूझ रही है. तुलसी देवी ने बताया कि उनका राशन भी बंद हो गया है. श्री वर्मा ने तुरंत एमटीएच अस्पताल को पिंकी का इलाज और ऑपरेशन कराने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए. भावुक होकर बुजुर्ग महिला ने कलेक्टर को आशीर्वाद और दुआएँ दीं. उन्होंने अपने सम्मान से अभिभूत होकर कहा कि कभी सोचा भी नहीं था कि कलेक्टर कार्यालय में इतना सम्मान मिलेगा. ईश्वर कलेक्टर को इतनी शक्ति और सामर्थ्य प्रदान करें, जिससे की वे हर जरूरतमंद की समस्या हल कर सकें.

### आमजन के लिए हमेशा खुला रहेगा कार्यालय

कलेक्टर श्री वर्मा ने इसके बाद पहली जनसुनवाई की शुरुआत की. उन्होंने प्रत्येक नागरिक की समस्या धैर्यपूर्वक सुनी और मौके पर ही कई शिकायतों का निराकरण किया. जो मामले तुरंत हल नहीं हो सके उनके लिए समय सीमा तय की गई. उन्होंने कहा कि कलेक्टर कार्यालय आमजन के लिए हमेशा खुला रहेगा. प्रत्येक समस्या का गंभीरता से निराकरण किया जाएगा और हर सप्ताह समीक्षा भी होगी.



# ज्ञानसभा राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी

## वैष्णव विद्यापीठ विवि की मेजबानी में आयोजन

**इंदौर. राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए, प्रदेश में अपनी तरह की पहली ज्ञान सभा का आयोजन किया गया.**

शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी एवं मालवा प्रांत सचिव ओम शर्मा ने बताया कि जनवरी 2026 में शहर में आयोजित होने वाले इस महत्वपूर्ण आयोजन की रूपरेखा तैयार करने के लिए शहर की प्रमुख शिक्षण संस्थाओं के प्राचार्य - निदेशक उपस्थित रहे. इस अवसर पर श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय के कुलाधिपति पुरुषोत्तमदास पसारी ने कहा ज्ञान सभा जैसी पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति के उद्देश्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी. यह शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशाएं खोलने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है. कुलपति डॉ. वाई.सी. गोस्वामी ने कहा, हम इस तरह के अनूठे आयोजन की मेजबानी करके गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं. हमारा मानना है कि यह बैठक और आगामी ज्ञान सभा उच्च शिक्षा के भविष्य को आकार देने में मील का पत्थर साबित होगी. इस ज्ञान सभा का उद्देश्य उच्च शिक्षा से जुड़े सभी हितधारकों को एक मंच पर लाना है ताकि वे नई शिक्षा नीति के लक्ष्यों और उद्देश्यों को साकार करने में अपना योगदान दे सकें.

# कलेक्टर वर्मा के ज्वॉइन करते ही किसानों का घेराव

- सांवेर किसानों का ग्रीन फील्ड कॉरिडोर में जमीन अधिग्रहण पर विरोध



नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज कलेक्टर कार्यालय पर किसानों ने ग्रीन फील्ड कॉरिडोर में जमीन अधिग्रहण करने के विरोध प्रदर्शन कर घेराव किया. किसानों की मांग थी कि उनकी जमीन साकार कोढ़ियों के दाम लेना चाहती है. आज हमारी जमीनों की कीमत डेढ़ करोड़ रुपए बीघा है. किसानों ने आरोप लगाया कि प्रशासन और सरकार नए मास्टर प्लान में भू माफियाओं के साथ मिलकर षडयंत्र रच रहे हैं.**

कलेक्टर शिवम वर्मा को आज पदभार ग्रहण करते ही सांवेर के किसानों द्वारा प्रदर्शन और घेराव का सामना करना पड़ा. कलेक्टर कार्यालय के पहली मंजिल पर करीब 250 से 300 सौ किसान धरने पर बैठे थे. हातोद और सांवेर तहसील के 20 से ज्यादा गांव के किसानों ग्रीन फील्ड कॉरिडोर सड़क में जमीन अधिग्रहण करने का विरोध कर रहे थे. किसानों का आरोप था कि उनकी जमीन सरकार कोढियो के भाव 7 लाख रुपए बीघा और अधिग्रहण बिल के अनुसार 14 लाख रुपए बीघा में ले रही है, जबकि हमारी जमीनों के कीमत 1.5 करोड़ रुपए बीघा है. किसानों ने सवाल किया कि सरकार इंदौर या कहीं और 7 लाख रुपए बीघा में जमीन दे देगी क्या? इंदौर में इतने पैसे तो 500 फीट का प्लॉट भी नहीं आता है. कलेक्टर कार्यालय में करीब सभी किसानों ने अधिग्रहण के मिले नोटिस को लेकर व्यक्तिगत ज्ञापन देकर मांग की है कि धारा 11 के नोटिस असंवैधानिक है और इसमें कानून का पालन नहीं किया गया है. हम जमीन अधिग्रहण का विरोध कर रहे हैं.

### कौढ़ियों के भाव जमीन नहीं देंगे

किसान नेता सुमित पटेल ने कहा कि हम कोढियों के भाव जमीन नहीं देंगे. मेरी 50 एकड़ जमीन है और पूरे किसानों की करीब ढाई हजार एकड़ जमीन छीनी जा रही है. हम बाजार मूल्य पर ही जमीन देंगे. किसान संजय पटेल ने कहा कि हम हमारी मां की रक्षा के लिए आए है.

मास्टर प्लान और मेट्रोपोलिटियन प्लान में भू माफियाओं और कॉलोनाइजर ने जमीनें ले रखी है. उनको सुविधा देने के लिए सरकार ग्रीन फील्ड कॉरिडोर बना रही है. इस सड़क की जरूरत ही नहीं है. उज्जैन को आठ सड़क जाती है, उन सड़कों की एक-एक लेन चौड़ी कर दें तो यातायात ठीक हो जाएगा. हम अपनी जमीन बाजार मूल्य के अलावा नहीं देंगे. शासन की उक्त योजना का विरोध करते हैं.

# महापौर ने मुख्य सचिव को सड़क दुर्दशा को लेकर लिखा पत्र

नव भारत न्यूज

**इंदौर. महापौर ने आज प्रदेश मुख्य सचिव को शहर में निर्माणाधीन फ्लाई ओवर ब्रिज की सर्विस रोड पर सुधार कार्य नहीं करने को लेकर पत्र लिखा है. पत्र में नगर निगम और प्रदेश सरकार की छवि खराब होने का हवाला भी दिया गया है. विशेष रूप से सभी निर्माण एजेंसियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनके कारण शहर की जनता नगर निगम को दोष देती हैं.**



महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने आज प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन को इंदौर में विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों के लापरवाही बरतने का पत्र लिखा है. महापौर ने पत्र में कहा कि इंदौर एमडी एमपीआरडीसी, पीडब्ल्यूडी, आईडीए, एनएचएआई और मेट्रो रेल निर्माण एजेंसियों द्वारा सर्विस रोड सुधार कार्य निर्देश देने के बाद भी नहीं किया जा रहा है. अभी निर्माण एजेंसी के साथ बैठक कर बताया गया था कि सड़क ठीक नहीं होने से दुर्घटनाएं हो रहीं हैं. साथ ही प्रदेश भाजपा सरकार और नगर निगम परिषद की छवि खराब हो रही है. शहर की 30 लाख जनता उक्त एजेंसियों के कार्य को नगद निगम से जोड़कर देखते हैं. इस कारण उक्त सभी निर्माण एजेंसियों के अधिकारियों को लापरवाही बरतने के लिए अनुशासन कारवाई और सुधार कार्य में तेजी लाने के निर्देश दें.

### भाजपा के शासन में इंदौर महापौर ही बेचारे हो गए : चौकसे

इंदौर. मध्य प्रदेश भाजपा सरकार में इंदौर के महापौर बेचारे हो गए हैं. उनकी कोई सुनने के लिए तैयार नहीं है और उनकी पार्टी की सरकार भी उनकी बातों पर ध्यान देने को राजी नहीं है. यह इस बात से साफ जाहिर होता है कि महापौर द्वारा यह कहना कि सड़क की हालत सुधारने के मेरे द्वारा दिए गए निर्देश का कोई अधिकारी पालन नहीं कर रहे हैं. शहर कांग्रेस अध्यक्ष और निगम नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे ने यह बात महापौर द्वारा मुख्य सचिव को लिखे पत्र के लेकर कही. चौकसे ने कहा कि महापौर ने पत्र में जिक्र किया है कि दूसरे विभागों को भी मैंने जो काम बताया वह विभाग उसे काम को नहीं कर रहे हैं. यह कथन इस बात का प्रमाण है कि इंदौर महापौर को सरकारी अधिकारियों ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया है.



### 111 फुट रावण, 250 फीट क्षेत्र में लंका के कार्य का शुभारंभ

**इंदौर.** दशहरा महोत्सव समिति दशहरा मैदान द्वारा दशहरा महापर्व के लिए भव्य रावण और लंका के निर्माण का शुभारंभ गया. दशहरा महोत्सव समिति दशहरा मैदान के संयोजक सत्यनारायण सलवाडिया एवं अध्यक्ष पिंटू जोशी ने बताया कि मुख्य रूप से सुरेश मिंडा, नारायण सिंह यादव, प्रहलाद शर्मा, किशोर गुप्ता, नीलेश पटेल, अरुण माहेश्वरी, शंकर चिंतामणि, जितेंद्र रावरिया राजाराम बोरासी, विशाल चतुर्वेदी, निखिल गड़द, धर्मेंद्र ठाकुर उपस्थित थे. सलवाडिया ने बताया कि दशहरा महापर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी दशहरा महोत्सव समिति द्वारा भव्य रावण दहन का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, 111 फीट ऊंचे रावण के पुतले का निर्माण एवं 250 फिट के क्षेत्र में लंका निर्माण किया जाएगा. इसकी तैयारी का शुभारंभ किया जा चुका है. रावण के पुतले वं लंका निर्माण के लिए प्रवीण हरगांवकर, लालू लाहोरिया के कलाकृति में निर्माण किया जाएगा.

## एक नजर में

### भ्यास मंडल का 67वाँ स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में अंतर-महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता

# एआई पर अत्यधिक निर्भरता से कल्पनाशक्ति व मौलिकता पर हो रहा आघात

**इंदौर. अभ्यास मंडल के 67वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययनशाला के सभागार में अंतर-महाविद्यालयीन वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. इस अवसर पर शहर के 18 महाविद्यालयों से आए प्रतिभागियों ने एआई ही रचनात्मकता को नष्ट कर रहा है- विषय पर अपने-अपने विचार प्रस्तुत किए.**




प्रतियोगिता में छात्रों ने जहाँ एक ओर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को मानव मस्तिष्क की सृजनशीलता और मौलिक सोच के लिए खतरा बताया, वहीं दूसरी ओर इसे नए अवसरों और नवाचार का मार्गदर्शक भी सिद्ध करने का प्रयास किया. पक्ष रखने वाले प्रतिभागियों ने कहा कि एआई पर अत्यधिक निर्भरता से कल्पनाशक्ति और मौलिकता पर आघात हो रहा है, वहीं विपक्ष में बोलने वाले छात्रों का मानना था कि एआई केवल एक उपकरण है, जो इंसान की सोच को और अधिक गहराई और गति प्रदान करता है. इस प्रतियोगिता का उदघाटन वरिष्ठ पत्रकार प्रो प्रतीक श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलन कर किया. अपने संबोधन में कहा की अभ्यास मंडल इंदौर के सामाजिक कार्य को करने में हमेशा तत्पर रहता है अभ्यास मंडल ने 67 साल से संवाद का सिलसिला जारी रखा है. पत्रकारिता महाविद्यालय की विभागाध्यक्ष प्रो सोनाली नारगुंडे ने सभी प्रतिभागी को शुभ कामना दी. कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जोश और उत्साह के साथ अपने तर्क प्रस्तुत किए. निर्णायक मंडल ने प्रतिभागियों की भाषा-शैली, विषय की समझ और तर्क क्षमता के आधार पर मूल्यांकन किया. निर्णायक थे प्रो शिल्पा ग्रोवर, निखिल जैन. कार्यक्रम संचालन पल्लवी आढाव, कुणाल भंवर ने किया. आभार शफी शेख ने माना. इस अवसर पर रामेश्वर गुप्ता, मालासिंह ठाकुर, स्वप्निल व्यास, वैशाली खरे, पराग जटाले, मनीष भालेराव, मयंक शर्मा, प्रणीति दीक्षित आदि उपस्थित थे.

### ये रहे विजेता

विजेता पक्ष में प्रथम पुरस्कार देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सांख्यिकी विभाग की गौरांगी मेहता, द्वितीय पुरस्कार स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एवं मास कम्युनिकेशन की सजल जैन और तृतीय पुरस्कार श्री वैष्णव कला वाणिज्य महाविद्यालय की आईशी ओझा को मिला. विपक्ष में प्रथम पुरस्कार इंस्टीट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट स्टडीज देवी अहिल्या विश्वविद्यालय की प्राची पाटिल, द्वितीय पुरस्कार वैष्णव कला एवम् वाणिज्य महाविद्यालय की संस्कृति शर्मा और तृतीय पुरस्कार शासकीय नवीन लॉ कॉलेज की सपना पुष्पद को मिला. इस प्रतियोगिता के सहभागी को प्रमाणपत्र और विजेता को पुरस्कार 12 सितम्बर को प्रदान किया जायेगा.

### तरुणोदय 14 को

**इंदौर.** शिकायत नहीं, समाधान खोजो- मंच से नहीं, मन से बोलो- सामने नहीं, साथ में बैठो- इसी मूल विचार के साथ तरुणोदय- प्रयास 1 का आयोजन 14 सितम्बर को होगा. यह कार्यक्रम नर्मदिय ब्राह्मण समाज के युवाओं का एक स्वतंत्र और निष्पक्ष प्रयास है, जो समाज में सकारात्मक सोच, मूल्य आधारित संवाद और रचनात्मक समाधान को लेकर एक नई पहल की शुरुआत कर रहे हैं. इसमें कोई मंच नहीं होगा, कोई औपचारिक पद नहीं होगा और सभी प्रतिभागी ज़मीन पर एक साथ बैठकर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे. यहाँ बात पद या प्रचार की नहीं, बल्कि मिलकर समाज को बेहतर बनाने की होगी. यह आयोजन 14 सितम्बर को 9 बजे से शाम 5 बजे तक माँ कनकेश्वरी माता मंदिर (सफ़ेद मंदिर), संस्कार केंद्र हॉल, रेडीमेड कॉम्प्लेक्स के पास, परदेशीपुरा में आयोजित किया जाएगा. कार्यक्रम की विशेषता यह है कि इसमें भारत के विभिन्न राज्यों से समाज के युवा प्रतिनिधि शामिल होंगे और समाज के वर्तमान तथा भविष्य से जुड़े विषयों पर विचार करेंगे. यह आयोजन पूरी तरह से राजनीति और चुनावी प्रभावों से मुक्त रहेगा.